# दिनांक 17 जून, 2025 को आयोजित 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक की कार्यवाही

कृषि विज्ञान केन्द्र, हलसी, लखीसराय के प्रशिक्षण सभागार में 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 17 जून, 2025 को डा० आर० एन० सिंह, सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के अध्यक्षता एवं डा० अभय मानकर, उप निदेशक, प्रशिक्षण, बी०ए०यू०, सबौर की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न किया गया। इस अवसर पर लखीसराय जिले के कृषि से संबद्ध विभिन्न विभागों के सदस्यगण–जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक (शस्य), सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण), डी०डी०एम०, नाबार्ड एवं प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक लखीसराय तथा समिति के सदस्य सम्मानित किसान प्रतिनिधि, केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञगण एवं कर्मचारीगण ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि सह सभाध्यक्ष, सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बी०ए०यू०, सबौर का विधिवत स्वागत डा० सुधीर चन्द्र चौधरी, प्रभारी वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, हलसी, लखीसराय द्वारा किया गया तद्पश्चात् जिले के विभिन्न विभागों से आए हुए सदस्यों एवं प्रगतिशील किसानों का विधिवत स्वागत किया गया।

केन्द्र के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, डा० सुधीर चन्द्र चौधरी, द्वारा विगत 16वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति कार्यवाही में दिए गए सुझावों के क्रियान्वयन पर की गयी कार्रवाई से सदन को अवगत कराया गया तथा सितंबर, 2024 से मई 2025 तक के प्रगति प्रतिवेदन एवं आगामी प्रस्तावित कार्य योजना 2025–26 को सदन में माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभाध्यक्ष, डा० आर० एन० सिंह द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी विषय वस्तु विशेषज्ञों क्रमशः डा० सुधीर चन्द्र चौधरी (पादप प्रजनन), डा० बिनोद कुमार सिंह (सस्य), डा० सुनील कुमार सिंह (उद्यान), डा० रेणु कुमारी (गृह विज्ञान) एवं डा० निशांत प्रकाश (पौधा रोग) से संबंधित विषयों की जानकारी प्राप्त किया गया तथा किसानों के आर्थिक उन्नति को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान सदस्यों के विचारोपरांत महत्वपूर्ण निम्नलिखित कार्यवाही की अनुशंसा की गई :–

1. समिति द्वारा सुझाव दिया गया कि दहलन बीज हब में किसानों को बोनस दिलानें के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु आवश्यक पहल किया जाय।

   (कार्रवाई: नोडल पदाधिकारी (दलहन बीज हब), कृ०वि०के०, हलसी)

2. बैठक के दौरान सभाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर द्वारा विकसित उन्नत प्रभेदों को क्रॉप केफेटेरिया के माध्यम से केन्द्र के प्रक्षेत्र में प्रदर्शित किया जाय।

   (कार्रवाईः विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य), कृ०वि०के०, हलसी)

3. नैनो यूरिया एवं नैनो डी०ए०पी० के ओ०एफ०टी० का निष्कर्ष जिला कृषि कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय जिससे उसका जिले के किसानों के बीच व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार हो सके।

(कार्रवाईः वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ०वि०के०, हलसी)

4. समित द्वारा सुझाव दिया कि कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आयोजित प्रत्येक प्रशिक्षण में किसानों को पराली नहीं जलाने हेतु जागरूक किया जाय।

(कार्रवाईः सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृ०वि०के०, हलसी)

5. बैठक के दौरान सभाध्यक्ष द्वारा सुझाव दिया गया कि लखीसराय जिले में खरीफ प्याज उत्पादन की संभावना को देखते हुए खरीफ प्याज पर ओ०एफ०टी० किया जाय।

(कार्रवाईः विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान), कृ०वि०के०, हलसी)

6. बैठक के दौरान सभाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि वैज्ञानिक सलाहकार समिति के नए प्रगतिशील किसान (महिला / पुरूष) सदस्यों को मनोनित करने के पूर्व प्रसार शिक्षा निदेशालय, बी०ए०यू०, सबौर से स्वीकृति प्राप्त किया जाय।

(कार्रवाईः वरीय वैज्ञानिक एंव प्रधान, कृ०वि०के०, हलसी)

7. समित द्वारा सुझाव दिया गया कि जिले में मिलेट की खेती, प्रसंस्करण एवं बाजार को बढ़ावा देने हेतु किसानों को जागरूक किया जाय।

(कार्रवाईः सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृ०वि०के०, हलसी)

विश्वासभाजन<br>
ह० / –<br>
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान<br>
कृ०वि०के०, हलसी, लखीसराय

ज्ञापांक सं०:. 3038 / F.No.93 / कृ०वि०के०, हलसी, लखीसराय / 2025–26 दिनांकः 18.07.2025

प्रतिलिपिः

1. उप निदेशक, प्रशिक्षण, बी०ए०यू०, सबौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बी०ए०यू०, सबौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. निदेशक प्रसार शिक्षा, बी०ए०यू०, सबौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. निदेशक, आई०सी०ए०आर०–अटारी, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. [illegible]
6. जिला कृषि पदाधिकारी / जिला परियोजना निदेशक, आत्मा / जिला सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) / जिला उद्यान पदाधिकारी / जिला गव्य पदाधिकारी / डी०डी०एम०, नाबार्ड / जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक / जिला मत्स्य पदाधिकारी / जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), लखीसराय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Schoudhary 18/7/2025

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान<br>
कृ०वि०के०, हलसी, लखीसराय<br>
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान<br>
कृ० वि० के०, हलसी, लखीसराय